दिनांक-07.12.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

अवैध रूप से निर्मित किए गए डीपीसी को तोड़ा गया , पांचवें दिन भी अवैध निर्माण पर हुई कार्यवाही , निगम प्रशासन हुआ सख्त

भिलाईनगर/ निगम भिलाई द्वारा निरंतर अवैध निर्माण पर नजर रखी जा रही है जहां पर भी अवैध निर्माण के संबंध में जानकारी मिलती है वहां पर निगम की टीम द्वारा कार्यवाही की जा रही है इसे एक मुहिम के रूप में भी देखा जा सकता है क्योंकि आज लगातार पांचवें दिन भी निगम की टीम द्वारा अवैध रूप से तैयार किए गए नीव को ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई! नगर पालिक निगम भिलाई के कुरूद क्षेत्र अंतर्गत लोहिया पारा मे अवैध रूप से डीपीसी निर्माण किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर जोन क्रमांक 2 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुरूद में अनाधिकृत रूप से तैयार किए गए नीव को छतिग्रस्त कर हटाया गया। निगम भिलाई द्वारा अवैध निर्माण , अवैध रूप से प्लाटिंग आदि पर लगाम कसने हेतु कार्यवाही की जा रही है। इसके पूर्व कुरूद क्षेत्र ,शांतिनगर में पटवारी बाड़ी के पास तथा बाबा दीप सिंह नगर क्षेत्र , उदय फार्म हाउस के समीप मे इसी प्रकार की अवैध प्लाटिंग , मार्ग संरचना व अवैध निर्माण करने वालों पर कार्यवाही की गई थी। निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश समस्त जोन आयुक्तों को दिए हैं जिस पर निगम की टीम द्वारा आज कुरूद लोहिया पारा क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित किए गए कॉलम एवं नीव को तोड़कर बेदखल करने की कार्यवाही की गई है।